# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## वित्त समिति की कार्यवृत्ति

वित्त समिति की बैठक दिनांक 31 अगस्त, 2020 को सायं 4:00 बजे प्रशासनिक भवन कुलपति कार्यालय में आहूत की गयी।

बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहेः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री आलोक कुमार राय** | **कुलपति** | **अध्यक्ष** |
| 2. | श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा | अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त), उ0प्र0 शासन। | सदस्य |
| 3. | श्री श्रवण कुमार सिंह | विशेष सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 4. | डा0 विनोद कुमार सिंह, | कुलसचिव | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ए. एम. सक्सेना | परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |
| 6. | श्री संजय श्रीवास्तव | वित्त अधिकारी | सचिव सदस्य |

**<u>बिन्दु संख्या–01</u>**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 में कोविड–19 व अन्य कारकों के दृष्टिगत परीक्षा संचालन में हुए परिवर्तन के आलोक में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 का अनुपूरक बजट वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति ने निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया:—

**(अ)** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 के गोपनीय कार्य हेतु आवंटित धनराशि रू0 10,01,85,000.00 (रू0 दस करोड़ एक लाख पच्चासी हजार मात्र) को अनुपूरक मॉग रू0 10,98,15,000.00 (रू0 दस करोड़ अट्ठानबे लाख पन्द्रह हजार मात्र) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए रू0 21,00,00,000.00 (रू0 इक्कीस करोड़ मात्र) किये जाने का प्रस्ताव वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।, राज्य समन्वयक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 के द्वारा बढ़े हुए व्यय के सम्बन्ध में निम्नवत् औचित्य वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया –

1. संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 के अनुमोदित आय–व्ययक में 250000 अभ्यार्थियों की संख्या पर व्यय अनुमान दर्शाया गया था किन्तु वास्तविक रूप से 431904 अभ्यर्थियों के द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन किया गया, तदुनुसार 431904 अभ्यर्थियों हेतु प्रवेश परीक्षा की तैयारी की गयी।

2. संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 पूर्व में निश्चित 15 जिलों के स्थान पर 73 जिलों में सम्पन्न कराई गयी। परीक्षा केन्द्रों की संख्या भी पूर्व में निश्चित संख्या 890 से बढ़कर 1089 की गयी। सभी शहरों तक प्रश्न–पुस्तिकाएं पहुचाने एवं वहाँ से प्रश्न–पुस्तिका वापस लखनऊ विश्वविद्यालय लाने हेतु Transportation का खर्च बढ़ना एक मुख्य कारण है।
3. प्रश्न–पुस्तिकाओं की पैकिंग पहले 500 पुस्तिकाओं के अनुसार की गयी। बाद में कोविड–19 के दृष्टिगत छात्रों की प्रति सेण्टर संख्या के बदले जाने से 300 पुस्तिकाओं के अनुरूप भी पैकिंग की गयी, जिसके फलस्वरूप व्यय में बढ़ोत्तरी हुई।

उक्त मदों पर पहले रू0 10,01,85,000.00 (रू0 दस करोड़ एक लाख पच्चासी हजार मात्र) व्यय अनुमानित था, अब उपर्युक्त कारणों से रू0 10,98,15,000.00 (रू0 दस करोड़ अट्ठांनबे लाख पन्द्रह हजार मात्र) का अतिरिक्त व्यय अनुमानित है।

वित्त समिति के द्वारा औचित्य को संतोषजनक पाए जाने पर विचार–विमर्श के उपरान्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी। इस अनुमोदन के उपरान्त संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 आय–व्ययक 2020–21 में गोपनीय कार्य हेतु आवंटित मद में कुल अनुमानित व्यय रू0 21,00,00,000.00 (रू0 इक्कीस करोड़ मात्र) हो जाएगा।

**(ब)** नोडल सेण्टर, सिटी एक्सपेन्सेज एवं टेस्ट सेण्टर व्ययों में पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 1,20,30,689.00 (रू0 एक करोड़ बीस लाख तीस हजार छः सौ नवासी मात्र) की व्यवस्था सिटी एक्सपेन्सेज के सापेक्ष बचत रू0 8,06,515.00 (रू0 आठ लाख छः हजार पॉच सौ पन्द्रह मात्र) तथा शेष रू0 1,12,24,174.00 (रू0 एक करोड़ बारह लाख चौबिस हजार एक सौ चौहत्तर मात्र) को मद 'अनफोर्सीन एक्सपेन्सेज' से वहन किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही कन्टीजेन्सी मद में विभिन्न सेण्टरों को रोकी गयी 20 प्रतिशत धनराशि रू0 10,59,151.00 (रू0 दस लाख उन्नसठ हजार एक सौ इक्यावन मात्र) को भी पुनर्विनियोग के माध्यम से 'अनफोर्सीन एक्सपेन्सेज' मद से संक्रमित कर किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

## <u>वित्त समिति के अध्यक्ष/कुलपति महोदय के अनुमति से प्रस्तुत अन्य बिन्दुः</u>

### <u>अन्य बिन्दु संख्या–01</u>

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 की शुचिता एवं पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश के 73 जिलों में 1089 परीक्षा–केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए वाूइर्स–रिकॉर्डर सहित सी.सी.टी.वी. कैमरा, राउटर, वेब–कास्टिंग, बायो–मीट्रिक पहचान, आर्टीफिशियल–इंटिलिजेस का प्रयोग करते हुए अभ्यर्थी का फेस–डिटेक्शन आदि की व्यवस्था यूपीडेस्को के माध्यम से सुनिश्चित करायी गयी। यूपीडेस्को द्वारा ही लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थापित किये गये कमान्ड नियंत्रण–कक्ष की सहायता से पूरे प्रदेश के सभी 1089 केन्द्रों पर हो रही परीक्षा पर कड़ी नजर रखी गयी। विश्वविद्यालय द्वारा यूपीडेस्कों को इन समस्त कार्यो हेतु लगभग रू0 5.00 करोड़ की धनराशि का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रो0 अमिता बाजपेयी, राज्य समन्वयक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 के द्वारा बढ़े हुए व्यय के सम्बन्ध में निम्नवत् औचित्य प्रस्तुत किया गया :–

मा0 मुख्यमंत्री से वार्ता के समय उनके द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं नकलविहीन परीक्षा पर विशेष बल दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे फलस्वरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर ऑडियो रिकॉर्डिंग सहित सी.सी.टी.वी, बेब कास्टिंग की व्यवस्था तथा इसके संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था, बायो–मेट्रिक उपस्थिति एवं फेस आईडेन्टीफिकेशन की व्यवस्था की गयी। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र की रिकार्डिंग को पेन–ड्राइब में लेकर संरक्षित किया गया।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार–विमर्श के उपरान्त वित्त समिति के द्वारा अनूपरक मॉग रू0 5.00 करोड़ की व्यवस्था को संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 के आय–व्ययक में सम्मिलित करने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

इस प्रकार उक्त बिन्दु संख्या–1 (अ) तथा अन्य बिन्दु संख्या–1 पर प्रस्तावित किये गये अनुपूरक मॉगों के फलस्वरूप संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. 2020–22 आय–व्ययक 2020–21 में कुल अनुमानित व्यय पूर्व में अनुमोदित सीमा रू0 46,,06,47,218.00 (रू0 छियालिस करोड़ छः लाख सैतालिस हजार दो सौ अट्ठारह मात्र) के स्थान पर बढ़कर व्यय अनुमान रू0 62,04,62,218.00 (रू0 बॉसठ करोड़ चार लाख बॉसठ हजार दो सौ अट्ठारह मात्र) हो जाएगा।

## अन्य बिन्दु संख्या–02

परीक्षा नियंत्रक द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 30 जून, 2020 के समक्ष प्रस्तुत परीक्षा आयोजन पर कोविड–19 के दृष्टिगत (140000 छात्रों की संख्या के आधार पर) अतिरिक्त व्यय हेतु पुनर्विनियोग किये जाने पर चर्चा की गयी। परन्तु तत्समय इस पर निर्णय स्थगित कर दिया गया था। पूर्व में प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय वर्षो की परीक्षाओं के हिसाब से रू0 1,35,69,150.00 (रू0 एक करोड़ पैतिस लाख उन्नहत्तर हजार एक सौ पचास मात्र) का व्ययभार प्रस्तुत किया गया था। किन्तु परीक्षा नियंत्रक द्वारा अब बताया गया है कि वर्तमान में केवल अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 07.09.2020 से आयोजित की जानी है, जोकि दिनांक 06.10.2020 तक चलेंगी, जिसमें लगभग 42000 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग करेंगीं। वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार कोविड–19 से सुरक्षा के दृष्टिगत लगभग रू0 14,00,000.00 (रू0 चौदह लाख मात्र) का अतिरिक्त व्ययभार अनुमानित है। इस अतिरिक्त व्ययभार का वहन परीक्षा मद में निर्धारित मदों में आवंटित धनराशि रू0 15.00 करोड़ की बचतों से पुनर्विनियोग के माध्यम से किया जाएगा। समिति द्वारो चर्चा के उपरान्त तद्नुसार रू0 14,00,000.00 (रू0 चौदह लाख मात्र) की सीमा के अन्तर्गत नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु पुनर्विनियोग प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न हुई।**

(श्रवण कुमार सिंह)
विशेष सचिव, उ0शि0
उ0प्र0 शासन।

(इन्द्रजीत विश्वकर्मा)
अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,
प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव (वित्त),
उ0प्र0 शासन।

(प्रो0 ए. एम. सक्सेना)
परीक्षा नियंत्रक

(डा0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

(संजय श्रीवास्तव)
वित्त अधिकारी

(प्रो0 आलोक कुमार राय)
कुलपति